प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक– 18/08/2024 समयः 2.10पीएम

रक्षाबंधन कार्यक्रम–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में विभिन्न स्थानों पर आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रघुनंदन गार्डन, सुमन गार्डन, शिवांजलि गार्डन, अवंतिका महाविद्यालय मैदान, ग्राम लेकोडा, जनपद उज्जैन और सॉलिटेयर होटल में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

गुजरात अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए से किसी भी धर्म के व्यक्ति की नागरिकता खत्म नहीं होती है बल्कि इससे भारतीय शरणार्थियों को नागरिकता के साथ–साथ सम्मान और न्याय मिलता है। श्री शाह आज अहमदाबाद में 188 विस्थापितों को नागरिकता प्रमाणपत्र देने के बाद एक समारोह में बोल रहे थे।

श्री शाह ने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए विस्थापित हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की उपेक्षा करने को लेकर कांग्रेस की पूर्व सरकारों की आलोचना की । उन्होंने देशभर में सीएए लागू करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

भारत पिछले वर्ष 23 अगस्त के दिन चाँद पर उतरने वाला चौथा देश और इसके दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने वाला पहला देश बन गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की याद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष देश अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाएगा और इसका विषय होगा "चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना– भारत की अंतरिक्ष गाथा"। अंतरिक्ष में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों, समाज को होने वाले गहन लाभों और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़ने के असीमित अवसरों पर प्रकाश डालने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल में भी कार्यक्रम होंगे।

महाकाल सवारी

श्रावण–भादौ मास के पांचवें सोमवार को कल भगवान महाकाल नगर भ्रमण पर निकलेंगे और पांच स्वरूप में दर्शन देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सवारी में शामिल होंगे। पालकी में चंद्रमौलेश्वर, गजराज पर मन महेश, गरूड़ रथ पर शिव तांडव, नंदी रथ पर उमा महेश तथा डोल रथ पर होलकर स्टेट का मुखारविंद विराजीत रहेगा। पालकी अपरांह 4 बजे पूजन पश्चात नगर भ्रमण पर निकलेगी।

बंगाल की खाड़ी में बने एक और सिस्टम से प्रदेश में 19 अगस्त से तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सिंगरौली, पन्ना, कटनी और अनूपपुर में आज तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार– भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी, जबकि मालवा–निमाड़ यानी, इंदौर–उज्जैन संभाग में मौसम साफ रहेगा। मानसून ट्रफ प्रदेश के शिवपुरी, सीधी होकर गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी में यह लो प्रेशर एरिया के रूप में बदल गई है। इसका असर सोमवार से प्रदेश में ज्यादा दिखाई देगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से भी बारिश का दौर बना रहेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी विकासखंडों के 908 ग्रामों में 858 नल जल योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इनमें से 326 पूर्ण, 510 प्रगति पर हैं, जबकि 22 शुरू किए जाने हैं।
- मुरैना मे अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा नाइट कॉबिंग गश्त अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस की अनुशंसा पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदतन अपराधियों का जिलाबदर किया गया।
- शिवपुरी में मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जारी जिसमे अमानक स्तर की खान–पान सामग्री बेचने वालों पर कार्रवाई की गई।
- आगरमालवा के छावनी क्षेत्र में नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में ही बनाई गई नवीन फल–सब्जी मंडी में आगामी चार सितम्बर से कामकाज की शुरूआत होगी।
- बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पं. राजभान शुक्ला का 95 वर्ष की आयु मे आज सुबह निधन हो गया है। स्वर्गीय शुक्ला जबलपुर जिला और वर्तमान में कटनी जिले में आने वाले बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र से जन संघ के विधायक रहे।